तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रबी फसल और निस्तारी के लिए नहर में 5 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी देते हए़ु बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कांग्रेस सह प्रभारी सुश्री लैतफ्लांग का दौरा कार्यक्रम रामपुर एवं कोरबा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित है। 14 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के जिला, ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ निर्वाचित पार्षदों के साथ बैठक होगी। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे रामपुर विधानसभा क्षेत्र के जिला, ब्लॉक, मंडल कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बैठक रामपुर में आयोजित किया गया है। बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं विधायक फूलसिंह राठिया उपस्थित रहेंगे।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेन्ट कैम्प 16 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 16 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें नियोजकों-श्रमिन टैलेंट प्रा0लि0रायपुर, सिटी डेंटल हॉस्पिटल कोरबा, फिजिक्सवालाह कोरबा और श्री क्वालिटी सर्विसेस पुने द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन - 100, रिसेप्सनिश्ट -3, डेण्टल असिस्टेंट - 10 ऑफिस बॉय - 1, ड्राईव्हर - 2, कैरियर काउंसलर-4, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह -4, इंग्लिश टीचर - 4, क्वालिटी इंस्पेक्टर - 100 पद,योग्यता- 10वी, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आयुसीमा- 18-35 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 20,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

## घरेलू सिलेंडर के उपयोग पर प्रशासन की टीम गठित

# कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से शहर के होटल, रेस्टोरेंट पर मंडराया संकट

### छापामार कार्यवाही कर जप्त किए जा रहे हैं सिलेंडर



डोर टू डोर सिलेंडर सप्लाई करता वाहन चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप होने के कारण शहर के बड़े होटल व रेस्टोरेंट में संकट खड़ा हो गया है। घरेलू सिलेंडर के सहारे चलने वाले ठेले, गुमटियां बंद होने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर घरेलू सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही किए जाने से छोटे छोटे व्यवसायियों में दहशत का वातावरण बन गया है।

घरेलू और कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई एजेंसी शहर में इंडेन, भारत पेट्रोलियम, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम की एजेंसियां संचालित हैं। जिनके यहां इस समय बुकिंग के लिए लोग पहुंचना शुरु हो गए हैं। आम लोगों की घरों की रसोई से लेकर बड़े होटलों और रेस्टोरेंट के रसोईयों तक में गैस चूल्हे की लौ धीमी होती जा रही है। शहर के कुछ बड़े होटलों में प्रशासन की टीम ने कार्यवाही कर घरेलू सिलेंडर जप्त किए हैं उससे इस बात पुष्टि होती है कि कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप होने के कारण बड़े रेस्टोरेंट और होटल व्यवसायियों की नजर घरेलू सिलेंडर पर पड़ गई है। शहर के चौपाटी में घरेलू सिलेंडर का उपयोग व्यवसायिक रुप से किए जाने के कारण प्रशासनिक टीम की नजर अब चौपाटी पर भी पड़ गई है। तीनों गैस एजेंसियों में कामर्शियल सिलेंडर का टोटा पड़ गया है। इससे व्यवसायिक कार्यो के अलावा छोटे छोटे उद्योग भी प्रभावित होने लगे हैं। सिलेंडर का संकट अगर लंबा चला तो कामर्शियल सिलेंडर के भरोसे चल रहे छोटे उद्योगों पर ताला लगने की नौबत आ सकती है। खरमोरा इंडस्ट्रीयल एरिया में कामर्शियल सिलेंडर का उपयोग सर्वाधिक होता है और स्थिति इस क्षेत्र में गंभीर होती जा रही है।

### खास बात

- खाद्य विभाग कर रहा छापामार कार्यवाही।

### तीन दिन में जप्त हुए 45 घरेलू सिलेंडर



घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग किए जाने के मामले पर खाद्य विभाग ने बुधवार से कार्यवाही का सिलसिला शुरु किया है उससे अब तक 45 सिलेंडर जप्त किए गए हैं। होटल सेंटर पाइंट से लेकर बालको चेकपोस्ट के जनरल स्टोर और मोटर गैराज में भी गैस वेल्डिंग के उपयोग में घरेलू सिलेंडर के इस्तेमाल के मामले भी पकड़ में आए हैं। खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षकों के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया जा रहा है।

### बुकिंग में होने लगी दिक्कत

गैस सिलेंडर बुकिंग के दौरान अब सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ताओं को तकनीकी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है। नए नियम के मुताबिक पहली बुकिंग के 25 दिन बाद सिलेंडर बुक किया जाएगा। इससे आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है। गैस एजेंसियों में इसकी जानकारी लेने के लिए आम उपभोक्ता पहुंचने लगे हैं। हालांकि बुकिंग होने के बाद घर पहुंचाकर सिलेंडर दिया जा रहा है। गैस सिलेंडर की सप्लाई करने वाले मालवाहकों के वाहन मालिकों को भी सिलेंडर ब्लेक करने के मामले में पकड़े जाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

# जिले में भी अफीम की खेती तलाशने जुटी हल्का पटवारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

प्रदेश के कुछ जिलों के सरहदी क्षेत्रों में अफीम की खेती के मामले पकड़े जाने के बाद राज्य शासन के निर्देश के बाद जिले में भी अफीम सहित अन्य मादक पदार्थों की खेती को लेकर राजस्व कर्मियों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है। इसमें जिले के सरहदी इलाकों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए बड़े बड़े कृषि फार्म हाउस की जांच प्रमुखता से की जाएगी।

जिले के सरहदी क्षेत्र जिनकी दूरी जिला मुख्यालय से 60 से 70 किलोमीटर दूर है उन क्षेत्रों में स्थित फार्म हाउस एवं ग्रामीणों के द्वारा ली जा रही फसल की भी जांच पड़ताल हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के द्वारा की जाएगी। राज्य शासन से मिले पत्र के बाद शुक्रवार को कलेक्टर ने राजस्व विभाग की बैठक लेकर सभी 4 अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं। ऐसे किसी भी मादक पदार्थों की खेती अगर पकड़ में आती है तो खेतों के मालिक सहित खेती करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि जिले में नशे या मादक पदार्थ से जुड़ी फसलों की खेती करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने 25 मार्च तक राजस्व अधिकारियों की टीम द्वारा खेतों की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व टीम को नियमित भ्रमण करने, फार्म हाउस अथवा बाउंड्रीवाल के भीतर ली जा रही फसलों की जांच करने तथा मादक फसल पाए जाने पर नारकोटिक्स एक्ट (एनडीपीएस) के तहत कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नशे को बढ़ावा देने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### हल्का पटवारियों को दिए गए हैं निर्देश

मादक पदार्थों की खेती के संबंध में बैठक ली गई है। अनुभाग के सभी हल्का पटवारियों और आरआई को अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

**- सरोज महिलांगे,** एसडीएम कोरबा

### फांसी से पहले युवक ने बनाया वीडियो, जारी किया सोशल मीडिया पर

**कोरबा।** एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदखुशी कर लिया है और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची थी और मामले की जांच शुरु कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के ग्राम चोरभट्ठी निवासी सनत कश्यप उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पताढ़ी स्थित अशोक लेलैंड वर्कशॉप में काम करता था। जिसने शुक्रवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। फांसी लगाने से पहले उसने 52 सेकंड का वीडियो जारी किया था जो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। जिसमें उसने किसी के द्वारा गाली गलौच करने की बात कही है। हालांकि उसकी आवाज स्पष्ट नहीं आ रही है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी का कहना है कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आखिर सनत ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।



## खबर संक्षेप

### दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र में मारपीट और अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल दो बदमाशों को जन चौपाल लगाकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। थाना कोनी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संभावित विवाद,मारपीट की घटनाओं की रोकथाम चलित थाना जन चौपाल लगाया गया। इस दौरान शुक्रवार को दो बदमाशों के खिलाफ धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने गतौरी निवासी सुरेंद्र टेंगवर पिता ज्वाला प्रसाद उम्र 22 साल व ईश्वर बंजारे पिता रविसन उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया और कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए उन्हें जेल भेज दिया है।

### दुकान में अवैध शराब रखने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पेंड्रीडीह चौक पर चाय की दुकान चलाने के दौरान अवैध तौर पर शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को हिर्री पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि हिरी माईस निवासी संजय परस्ते पेण्ड्रीडीह स्थित चाय दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करता है। पुलिस ने तत्काल रेड की कार्रवाई की। आरोपी संजय परस्ते के चाय दुकान से 20 नग देशी शराब,कीमत 1600 रूपये को जब्त कर लिया है। आरोपी संजय कुमार उर्फ संजू पिता स्व श्याम लाल परस्ते उम्र 45 पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### चोरों ने स्कूटी की डिक्की तोड़कर जेवर किया पार

**बिलासपुर।** कोटा के मुखी विहार कालोनी में भांजे की बारात विदाई करने पहुंची महिला की स्कूटी की डिक्की तोड़कर चोरों ने सोने के जेवर और नकद पार कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा के धौंराभाठा में रहने वाली चंद्रप्रभा साहू(45) गृहणी हैं। गुरुवार की शाम 7बजे अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। गाड़ी को कोटा के मुखी विहार कालोनी में खड़ी कर भांजे की बारात की विदाई में शामिल हो गईं। रात करीब 10 बजे वे घर जाने के लिए निकलीं इस दौरान उनकी स्कूटी की डिक्की टूटी हुई थी। उन्होंने डिक्की खोलकर देखा जिसमें साड़ी, सोने के जेवर, मोबाइल और नकद समेत करीब दो लाख के सामान चोरों ने पार कर दिया था। महिला ने मामले की शिकायत कोटा थाने में की है।

### कोचियों से 7 लीटर कच्ची शराब जब्त

**बिलासपुर।** रतनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री करने वाले कोचियों को पकड़ लिया है। दोनों की कोचियों से कच्ची और देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बेलतरा में शराब कोचियां भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखा है। वहीं लखराम में एक व्यक्ति अपने बाइक में शराब बिक्री करने घूम रहा है। सूचना पर रतनपुर पुलिस ने टीम ग्राम बेलतरा बजरंग चौक निवासी धर्मेन्द्र कश्यप के घर के बाड़ी से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब और लखराम निवासी अनिल केंवट के बाइक से 80 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। वहीं प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन ने शराब बेचने व पीने वालों पर कार्रवाई करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने 5 तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों 15 लोगों पर कार्रवाई की है।

**3 नाबालिगों का प्लान फेल, घर से तंग आकर उठाया था कदम**

**उसलापुर स्टेशन पहुंचने से पहले सिविल लाइन पुलिस ने आटो को रोक उतारा**

# स्कूल से भागकर आगरा जा रही थीं छात्राएं, आटो चालक की सूझबूझ से पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल ड्रेस में ही आगरा भागने की फिराक में आटो सवार 3 छात्राओं को पुलिस ने बचा लिया। सिविल लाइन पुलिस ने आटो का पीछा कर लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया और थाने में परिजनों के आने तक बैठाए रखा। सभी छात्राओं को समझाइश देकर छोड़ दिया गया है।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उसलापुर इलाके का है। बताया जा रहा है कि गुरूनानक चौक से 3 नाबालिग लड़कियां स्कूल ड्रेस में आटो पर बैठीं और रेलवे स्टेशन जाने की बात कहने लगी। आटो चालक के अनुसार आटो में ही नाबालिगों ने पहले बुर्का पहना और रेलवे स्टेशन में रोकने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने आटो चालक को आगरा की 3 टिकट लेने भेजा, चालक को नाबालिगों के पास 20 हजार रूपए नकद और 50 हजार से अधिक की राशि मोबाइल वालेट में होने की भनक लग गई। इस दौरान किसी परिवारिक सदस्यों के मौजूद नहीं होने पर चालक ने डायल 112 को इसकी जानकारी दी। डायल 112 ने आटो चालक को नाबालिगों को रोकने के लिए कहा, इस पर आटो चालक ने बड़ी ही चतुराई से उन्हें रेलवे स्टेशन से आगरा की टिकट नहीं मिलने की बात कही और उसलापुर जाने के लिए कहा। आटो चालक ने पुलिस को आटो उसलापुर ले जाने की बात बता दी। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस की टीम आटो का पीछा करने लगी और उसलापुर स्टेशन पहुंचने से पहले ही आटो को रोक लिया। 3 नाबालिगों से पूछताछ की गई थाने लाया गया। बाद में उनके परिजन को बुलाकर समझाइश दी गई और सभी को छोड़ दिया गया।




### परिजनों के व्यवहार से तंग आकर उठाया कदम

बताया जा रहा है कि एक नाबालिग लड़की का पिता फिरोजाबाद में लेक्चरर है। मां के दूसरी शादी करने के बाद से परिवार का वातावरण सही नहीं होने और परिजनों के व्यवहार से दुखी होकर उसने अपने पिता से मिलने की इच्छा अपनी दो सहेलियों से जताई थी। 15 वर्षीय नाबलिग अपने पिता से ही मिलने जा रही थी।

### चालक ने दिखाई तत्परता

टिकरापारा निवासी राजा उईके आटो चालक है। उसी ने ही पुलिस को नाबालिग लड़कियों द्वारा आगरा भागने की बात बताई थी। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और उन्हें आगरा की ट्रेन पकड़ने से पहले ही पकड़ लिया।

### दी गई है समझाइश

आटो चालक ने पुलिस को सूचना दी थी। 3 छात्राओं को उसलापुर से थाने लाया गया था। पूछताछ के बाद परिजनों को समझाइश देकर छात्राओं को घर भेज दिया गया गया है।

**-एसआर साहू,** टीआई, सिविल लाइन

**नए वार्डों के साथ ही शहर में पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई से परेशानी**

# गर्मी आते ही गहराने लगा जलसंकट, मंगला कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी बिलासपुर में गर्मी ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन शहर की प्यास बुझाने वाले इंतजाम दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र के पुराने मोहल्लों से लेकर निगम में शामिल हुए नए वार्डों तक, इन दिनों पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। मंगला, कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब हो रहे हैं।

शिकायतों के मुताबिक नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में जल आपूर्ति की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। शहर के कई इलाकों में सुबह के वक्त महज कुछ मिनटों के लिए ही पानी की सप्लाई हो रही है, और वह भी इतनी प्रदूषित है कि उसे पीने तो दूर, नहाने के काम में लाना भी मुश्किल हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति उन नए वार्डों की है जहाँ हाल ही में पाइपलाइन बिछाई गई है। यहाँ ड्रेनेज सिस्टम और पाइपलाइन के बीच उचित तालमेल न होने के कारण नालियों का गंदा पानी नलों तक पहुँच रहा है। कई जगहों पर पाइपलाइनें जमीन के ऊपर खुले में बिछी हुई हैं, जो न केवल तकनीकी रूप से गलत है, बल्कि लीकेज के कारण संक्रमण का मुख्य स्रोत बनी हुई हैं।



दीनदयाल कालोनी में टैंकर से पानी लेने के लिए जद्दोजहद करते लोग।

### लिंगियाडीह में पानी की गंभीर समस्या

लिंगियाडीह में भी इन दिनों पानी की समस्या बनी हुई है। लो प्रेशर की समस्या है। मोहल्ले के कई घरों में नल से नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिसके कारण लोगों को टैंकर मंगाकर काम चलाना पड़ रहा है। लोगों के मुताबिक यहां हर गर्मी पानी की समस्या रहती है। कई बार नल में कई दिनों तक पानी नहीं आता, जिससे पीने और घरेलू कामकाज के लिए भी पानी की किल्लत हो जाती है। मजबूरी में लोगों या निजी बोरिंग का सहारा लेना पड़ता है। लेकिन गर्मी के कारण कई हैंडपंपों का जलस्तर भी नीचे चला गया है, जिससे समस्या और बढ़ गई है।


हेमूनगर महापौर के घर के सामने पाइप लाइन फूटी।

### निगम का रवैया उदासीन

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों का रवैया उदासीन बना हुआ है, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। दूसरी ओर, इस गंभीर समस्या ने नगर निगम के गलियारों में राजनीतिक रार भी तेज कर दी है नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि अमृत मिशन जैसी योजनाओं के बावजूद जनता को साफ पानी नहीं मिलना प्रशासन की विफलता है। हालांकि, सत्तापक्ष और सभापति विनोद सोनी का दावा है कि जहाँ भी दूषित पानी की शिकायत मिल रही है, वहां युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी है।

### टैंकरों के जरिए राहत देने की कोशिश

निगम का कहना है कि फिलहाल टैंकरों के जरिए राहत देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन गर्मी बढ़ने से पहले ही जल संकट और दूषित पानी की समस्या ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई जगह दूषित पानी और पानी की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। लोगों की मांग है कि प्रशासन को तुरंत पाइपलाइन की जांच कराकर लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराना चाहिए। अधिकारियों का कहना है कि जहां-जहां समस्या सामने आ रही है, वहां पाइपलाइन की जांच और मरम्मत का काम कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल अधिक परेशानी नहीं है। जल विभाग की अलग से टीम बनाई गई है।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**
निगम आयुक्त



अवैध कब्जे पर कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

# अतिक्रमण हटाने के दौरान मगरपारा में जमकर बवाल

**मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए गए

आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई। खास तौर पर मगरपारा चौक से लेकर भारतीय नगर चौक तक कब्जे हटाए गए। इस दौरान तैय्यबा चौक पर जमकर विवाद हुआ। कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध किया। कुछ देर तक कार्रवाई रुकी भी रही। बाद में समझाइश के बाद लोग माने और अतिक्रमण हटाया गया।

ध्यान रहे कि शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इन इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा 2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे सेक्टर के रूप में तालापारा स्थित मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक की सड़क को शामिल किया गया है। यहां पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं।

### सड़क किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

अधिकारियों के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नगर निगम के साथ संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे किए गए कब्जे को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

### शहर को विभिन्न सेक्टरों में बांटा गया

यह अभियान पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक माह तक चलेगा। इस दौरान मुख्य मार्गों से ठेला, गुमटी और चलित दुकानों को हटाया जाएगा, अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगेगी और ट्रैफिक बाधित करने वाली सभी संरचनाओं को हटाया जाएगा। नगर निगम और यातायात पुलिस ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, ताकि शहर में आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके। एडिशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे ने बताया कि शहर को ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन के रूप में विकसित करने की दिशा में चरणबद्ध कार्रवाई की जा रही है। शहर को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर क्रमशः उन्हें पूर्णतः ट्रैफिक वायलेशन फ्री घोषित किया जाएगा। इसी कड़ी में मगरपारा रोड में संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया है।

# दो आरक्षकों की एसीसीयू से विदाई, 14 की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- बढ़ेगी एसीसीयू की कार्यक्षमता

जिले के अलग-अलग थानों से 13 आरक्षक व 1 प्रधान आरक्षक सहित 14 पुलिसकर्मियों को एसीसीयू में जगह दी गई है। वहीं एसीसीयू में स्थापना काल से जमे दो आरक्षकों को हटाया गया है। नए पुलिसकर्मियों के आने के बाद एसीसीयू में कार्य की प्रगति देखने को मिल सकती है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने एन्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की क्षमता बढ़ाते हुए 1 प्रधान आरक्षक समेत 13 आरक्षक की पदस्थापना की है। यूनिट में 14 नए चेहरों के आने के बाद टीम को मजबूत बनाया गया है। इससे जहां क्राइम और साइबर मामलों की छानबीन और जांच त्वरित हो सकेगी, वहीं अपराधियों पर विशेष नजर रखी जा सकेगी। जिससे जिले में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस को मदद हो सकेगी। बताया जा रहा है कि एसीसीयू के गठन काल यानी 4 साल से अगंद की पैर की तरह जमे दो आरक्षकों को भी हटाया गया है, जिसमें प्रधान आरक्षक देवमुन पुहूप और आरक्षक निखिल जाधव को हटाते हुए सिविल लाइन थाना और सिरगिट्टी थाना भेजा गया है।

### इन 14 पुलिसकर्मियों को मिली है जगह

हाल ही में रतनपुर ट्रांसफर किए गए प्रधान आरक्षक प्रमोद सिंह को एसीसीयू लाया गया है। साथ ही प्रधान आरक्षक विरेन्द्र धनकर, मुकेश शर्मा, दरसराम यादव, समर बहादुर सिंह, राकेश कुमार साहू, विजेन्द्र कुमार राजपूत, भास्कर साहू, प्रफुल्ल कुमार यादव, घिरेन्द्र सिंह तोमर, राकेश यादव, आशीष राठौर,महत्तेर लाल कश्यप, योगेश साहू को एसीसीयू में पदस्थ किया गया है।

### कक्षा 5वीं एवं 8वीं की समय सारणी जारी

**बिलासपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी समय सारणी के अनुसार कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 16 मार्च से 25 मार्च तक एवं कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 17 मार्च से 6 अप्रैल तक होंगी। 5 वीं की परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे एवं 8वीं की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक है। डीईओ ने बताया कि परीक्षा में जिले के सभी शासकीय विद्यालय, अनुदान प्राप्त विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध अशासकीय गैर अनुदान प्राप्त हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थी शामिल होंगे। सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्ध गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। जिले में परीक्षा के सफल संचालन के लिए संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। जिला स्तर पर परीक्षाओं के लिए जिला स्तरीय संचालन समिति का भी गठन किया जाएगा।

# युवक की पिटाई से पत्नी घायल, अपराध दर्ज

**दूसरी महिला को घर पर रखने से हुआ विवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी क्षेत्र में रहने वाले 35 वर्षीय युवक ने पत्नी को छोड़कर दूसरी महिला को घर पर रख लिया। इसका विरोध करने पर उसने बच्चों के सामने पत्नी की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल पत्नी ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



सरकंडा के बहतराई में रहने वाली पिंकी श्रीवास सिलाई कर जीवन यापन करती हैं। महिला ने बताया कि उसकी शादी 2012 में बिरकोना रोड में रहने वाले सत्यवान श्रीवास से हुई, उनके दो बच्चे हैं। चार महीने पहले उनका पति सत्यवान श्रीवास मोहल्ले में रहने वाली महिला को भगाकर अपने घर ले गया। जहां पर वह अपने परिवार के साथ महिला को रखा है। पति के जाने के बाद महिला किसी तरह बच्चों को पाल रही थी। शुक्रवार को उसने मोबाइल पर काल कर पति को परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर उसने पत्नी से मोबाइल पर अभद्र व्यवहार किया। तब महिला अपने बच्चों को लेकर ससुराल पहुंच गई। पत्नी को सामने देखकर सत्यवान ने उसे जाने के लिए कहा। जब उसकी पत्नि ने साथ चलने कहा तब उसने दूसरी महिला के साथ मिलकर पत्नी की पिटाई कर दी। पत्नि ने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को देकर कोनी थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग जिंदा जलकर चालक की मौत

**रामानुजगंज/वाड्रफनगर**
शुक्रवार की सुबह त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के महुली में भिड़ंत के बाद ट्रक में आग लग गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और चालक को भागने तक का मौका नहीं मिल सका। इस हादसे में क्लिंकर लोड ट्रक के चालक की जिन्दा जलकर मौत हो गई जबकि दूसरे ट्रक का चालक बुरी तरह से घायल हो गया। इस घटना की सूचना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने केबिन का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। घायल चालक को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया है जबकि मौके पर पहुची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि झारखंड के गढ़वा मसुरिया निवासी 25 वर्षीय अरबाज खान आ. इलहाक खान क्लिंकर लेकर दीपका क्षेत्र से क्लिंकर लोड कर जा रहा था जबकि दूसरे ट्रक का चालक विजयनगर निवासी 44 वर्षीय संतोष गुप्ता राईस मिल से चावल लोड कर वाड्रफनगर की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही दोनों ट्रक त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम महुली के समीप पहुंचे तेज रफ्तार ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि क्लिंकर लोड ट्रक में आग लग गई। टक्कर के साथ ही आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया और टक्कर से सम्भले चालक को केबिन से बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। भीषण आग की चपेट में आकर क्लिंकर लोड ट्रक के चालक अरबाज खान की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई जबकि संतोष गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जामुन का पेड़ काटते समय गिरने से मजदूर की मौत

सोनगरा। नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 8 ईट भट्ठा पारा में जामुन पेड़ काटने के दौरान गिरने से 46 वर्षीय मजदूर बृजमोहन की मौत हो गई। मजदूर की मौत हो जाने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीणों ने पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद ही चक्का जाम समाप्त किया। ग्राम मरहठा निवासी बृजमोहन (46 वर्ष) मजदूरी का काम करता था। जामुन पेड़ काटने के दौरान हादसे में उसकी मौत हो जाने पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन और ग्रामीणों ने सरकार से तत्काल आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप सड़क जाम कर दी, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# मोपका चौक पर पलटी कार, चालक बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- शराब के नशे में था कार चालक

मोपका चौक के पास सड़क किनारे बने खतरनाक गड्ढा हादसों को निमंत्रण दे रहा है। शुक्रवार की शाम 7बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे से कुछ देर के लिए लोग भौचक्के रह गए। आसपास के लोगों ने चालक को बाहर निकला। उसे मामूली खरोंच आई है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम अंधेरा होते ही मोपका चौक के पास जबरदस्त दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 10 एएन6083 के चालक ने दुर्घटना को अंजाम दे दिया। हादसा इतना भयंकर था कि कार दो बार पलटने के बाद सीधे गड्ढे में जा गिरी और पटल गई। अचानक हुई इस दुर्घटना से आसपास अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कार चालक को जैसे तैसे बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना दी है। सूचना मिलने पर मोपका पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक शराब के नशे में था। बताया जा रहा है कि कई महीनों से सड़क पर गड्ढां बना हुआ है लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी प्रशासन की ओर से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।

## खबर संक्षेप

### नव संवत्सर पर कटघोरा में भव्य आयोजन, 21 हजार दीपों से जगमगाएगा राधासागर तालाब

**कटघोरा**। भारतीय नव संवत्सर के पावन अवसर को लेकर कटघोरा नगर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस शुभ अवसर को भव्य और यादगार बनाने के लिए नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों को भगवा ध्वजों से सजाया जा रहा है। पूरे नगर में उत्सव और भक्ति का वातावरण दिखाई दे रहा है तथा नागरिकों में भी इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। 18 मार्च को नव संवत्सर के अवसर पर राधासागर तालाब परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राधासागर तालाब को 21 हजार दीपों से सजाकर दीप प्रज्वलन किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठेगा। दीपों की पंक्तियों से सजे तालाब का दृश्य अत्यंत आकर्षक और मनमोहक होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य गंगा आरती का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। गंगा आरती के माध्यम से नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलकामना के लिए प्रार्थना की जाएगी। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं और नगरवासियों के लिए खिचड़ी का महाप्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन समिति द्वारा इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा नव संवत्सर उत्सव की श्रृंखला में 19 मार्च को गोकुलधाम परिसर में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन भी रखा गया है।

### वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं पक्षी संवर्धन पक्षियों की सुरक्षा हेतु दी गई जानकारी

**कोरबा**। करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत नोनबिर्रा परिसर के निरीक्षण कुटीर नोनबिर्रा में वनगण्डलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव, आशीष खेलवार, सूर्य कांत सोनी के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत एवं वन परिक्षेत्र करतला के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नोवा नेचर के सदस्य जितेन्द्र सार्थी, भूपेन्द्र जगत द्वारा कार्यशाला में उपस्थित वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं समस्त ग्रामीणों को वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं पक्षी संवर्धन पक्षियों की सुरक्षा हेतु जानकारी प्रदाय किया गया। वन्यप्राणियों को अग्नि से बचाने हेतु उनके रहवास स्थल को नष्ट नही करने संबंधी जानकारी प्रदाय किया गया। पक्षियों के लिये उनके रहवास के लिये कृत्रिम घोंसला निर्माण संबधी जानकारी प्रदाय किया गया जिससे प्रकृति में सभी जीवजन्तुओं के सहयोंग से ही हमारा पर्यावरण संतुलित बना रहेगा। वनों को अग्नि से बचाने हेतु फायर वाचर एवं सुरक्षा श्रमिकों को वनों में लगी आग को रोकने के लिये फायर रैक्स का वितरण किया गया । फायर रैक्स का उपयोग की जानकारी के लिये माक ड्रिल किया गया। एवं साथ ही सभी फायर वाचर को पानी बॉटल का वितरण किया गया। एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को महुआ चुनने समय, तेन्दूपत्ता शाखकर्तन के लिये वनों में आग नही लगाने हेतु जागरुक किया गया।

### मुख्यमार्ग पर सब्जी बाजार से राहगीर परेशान

**कोरबा**। शहर में इन दिनों अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। नगर निगम द्वारा कई स्थानों पर ठेला-गुमटी और अवैध कब्जों को हटाकर मार्ग को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन बुधवारी बाजार क्षेत्र में स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। मुख्य मार्ग स्थित बुधवारी बाजार में सुबह के समय सड़क पर ही सब्जी बाजार सज जाता है। बड़ी संख्या में व्यापारी सड़क किनारे ही सब्जियों के बोरे और टोकरी लगाकर बिक्री करते हैं, जिससे मार्ग का बड़ा हिस्सा घिर जाता है। इसके कारण आम लोगों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और सड़क पूरी तरह बाधित हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के अन्य हिस्सों में जहां नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं बुधवारी बाजार क्षेत्र में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे रोजाना यहां जाम जैसी स्थिति बन जाती है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जब पूरे शहर को कब्जा मुक्त करने की मुहिम चल रही है, तो इस मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार को व्यवस्थित करने की दिशा में भी प्रशासन को जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।

### कोयला कामगारों की पेंशन स्थिरता पर दिल्ली में बैठक

# श्रमिक संगठनों ने सीआईएल से एकमुश्त फंड देने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

कोयला कामगारों को निर्बाध पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड से पेंशन फंड में एकमुश्त राशि देने की मांग यूनियन प्रतिनिधियों ने उठाई है। यह मांग पेंशन स्थिरता सब-कमेटी की बैठक में रखी गई, जो गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोयला मंत्रालय की एडिशनल सेक्रेटरी एवं सब-कमेटी की अध्यक्ष रुपिंदर बरार ने की।

बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों और सीएमओएआई के प्रतिनिधियों ने कहा कि कोयला कामगारों की पेंशन योजना वर्ष 1998 में शुरू हुई थी लेकिन 1998 से 2017 तक लगभग 19 वर्षों तक कोल इंडिया द्वारा पेंशन फंड में कोई अंशदान नहीं दिया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि अंतिम कामगार तक पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करना सीआईएल की जिम्मेदारी है, इसलिए पेंशन फंड को मजबूत करने के लिए कंपनी को एकमुश्त राशि जमा करनी चाहिए। इस पर सीआईएल के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन ने बताया कि वर्तमान में सीआईएल पेंशन फंड में 7 प्रतिशत अंशदान के साथ प्रति टन कोयला उत्पादन पर 20 रुपये सहयोग राशि के रूप में दे रही है। हालांकि यूनियन प्रतिनिधियों का कहना था कि पेंशन फंड की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए यह पर्याप्त नहीं है और एकमुश्त बड़ी राशि जमा करना जरूरी है। बैठक के दौरान पेंशन की स्थिरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इसमें 60 माह के औसत वेतन के आधार पर पेंशन की गणना और अधिकतम पेंशन पर सीलिंग जैसे प्रस्ताव शामिल थे, जिन्हें यूनियन प्रतिनिधियों ने अस्वीकार कर दिया। एडिशनल सेक्रेटरी रुपिंदर बरार ने आश्वासन दिया कि वे पेंशन योजना में केंद्र सरकार के अंशदान को बढ़ाने के लिए सरकार से चर्चा करेंगी। बैठक में सीएमपीएफओ के प्रशासनिक फंड के 3 प्रतिशत में से 0.72 प्रतिशत राशि पेंशन फंड में देने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। इसके साथ ही केंद्र सरकार से 15 हजार रुपये की सीमा पर 1.16 प्रतिशत अंशदान देने का आग्रह करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीएमपीएफओ के प्रभारी कमिश्नर सजिश कुमार एन, सीआईएल के निदेशक (एचआर) डॉ. विनय रंजन, सिंगरेनी के निदेशक (वित्त), ईपीएफओ के एडिशनल सीपीएफसी (पेंशन) अपराजिता जग्गी, डीडी रामनंदन (सीटू), डीएन सिंह (सीएमओएआई) सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# निगम के 3 बड़े कायादारों की प्रापर्टी को किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर आज निगम ने 3 बकायादारों की सम्पत्ति को सील कर दिया, यह कार्यवाही कोरबा जोन में निगम के बडे बकायादारो पर की गई, कर न जमा करने वाले बकायादारों पर अब सख्त कार्यवाही कर रहा है निगम, विशेष कर बडे बकायादारों द्वारा यदि शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो सम्पत्तियों की सीलबंदी की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जाएगी।

नगर निगम द्वारा ऐसे बडे बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध अब निगम कड़ी कार्यवाही कर रहा है। उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कडे निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है तथा संपत्तियों को सील किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निगम के कोरबा जोन में वार्ड क्रमांक 6 निवासी जरहा साव बकाया राशि रु 186700, वार्ड क्रमांक 6 सिंधी गुरुद्वारा के समीप सीमेंट दुकान संचालक राशि रु 146679 तथा पुरानी बस्ती निवासी सहोदरा बाई राशि रु 99535 आदि बकायादारो द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है।

# आयुक्त खुद उतरे सड़क पर, बुधवारी बाजार और घंटाघर रोड को कराया अतिक्रमणमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर को जाम और अव्यवस्थित बाजार से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने आखिरकार कड़ा कदम उठाया। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय खुद सड़क पर उतरकर अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान संभाली और बुधवारी बाजार, वीआईपी रोड तथा घंटाघर रोड के किनारे वर्षों से जमे ठेले-गुमटी को हटवाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया।

आयुक्त की मौजूदगी में निगम की टीम ने सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लगाए गए ठेले, गुमटी और अस्थायी दुकानों को हटाया। इस दौरान निगम के अधिकारी और अमला पूरे अभियान में सक्रिय दिखाई दिया। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण बदहाल हो चुके बुधवारी बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने के लिए यह कार्रवाई की गई। नगर निगम शहर के प्रमुख मार्गों को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इसी के तहत सीएसईबी चौक से बुधवारी बाजार, वीआईपी रोड, आईटीआई चौक, कोसाबाड़ी चौक से घंटाघर होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक के पूरे मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है लेकिन इस मार्ग पर वर्षों से फैले अतिक्रमण के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे थे। ऐसे में आयुक्त ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बुधवारी बाजार के दोनों ओर वीआईपी रोड और घंटाघर रोड के किनारे बड़ी संख्या में ठेले-गुमटी लगने लगे थे। बाजार परिसर में दुकानें आवंटित होने के बावजूद कई व्यापारी सड़क किनारे ही सामान सजाकर बैठ रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और अक्सर जाम की स्थिति बन रही थी। नगर निगम ने पहले ही इस क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने के लिए बाजार के दोनों ओर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया था। अब सड़क को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है।



**अब लगेगा सीसीटीवी निगरानी तंत्र**

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि शहर के उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। ऐसे स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और पुलिस के साथ समन्वय कर निगरानी बढ़ाई जाएगी। नगर निगम का कहना है कि शहर को साफ-सुथरा, व्यवस्थित और यातायात के लिए सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में नहीं होनी चाहिए लापरवाही, सभी निकाय रखें पूरी तैयारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभागीय योजनाओं के तहत संचालित कार्यों के क्रियान्वयन स्थिति, डीएमएफ के स्वीकृत कार्यो तथा महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए निकायों में प्रस्तावित विकास कार्यों पर भी चर्चा की। इस दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, अपर आयुक्त विनय मिश्रा सभी नगरीय निकायों के सीएमओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बात**

- डीएमएफ और विभागीय योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश


बैठक लेते कलेक्टर।

बैठक में नगरीय निकायों में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन, मोर मकान मोर चिन्हारी, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राजस्व वसूली, सामाजिक पेंशन के ई-केवाईसी सहित डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों तथा अधोसंरचना मद के लंबित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने डीएमएफ के अंतर्गत नगरीय निकायों में वर्ष 2016-17 से अब तक स्वीकृत, पूर्ण और प्रगतिरत निर्माण कार्यों की क्रमवार जानकारी ली। उन्होंने निकायों में पूर्ण हो चुके कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए कहा। साथ ही प्रगतिरत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण कराने तथा अप्रारंभ कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निकायों में स्वीकृत नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूरा करने को कहा। सायकल स्टैंड, विभिन्न शेड, डोम तथा बालक-बालिका शौचालय निर्माण, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ब्लड बैंक, रेडक्रॉस सोसायटी जैसे आवश्यक सुविधाओं के कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी शहरी क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी सीएमओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि कहीं भी पानी की समस्या नहीं आनी चाहिए। विशेष रूप से स्लम एरिया एवं खदान प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की बात कही। आवश्यक स्थानों में टैंकर से पानी सप्लाई कराने के लिए कहा। उन्होंने सभी सीएमओ को समय रहते अपने क्षेत्र के जलस्त्रोतों बोर का परीक्षण, टैंकर की उपलब्धता, मोटर की स्तिथि की जांच पूर्ण करने एवं सबमर्सिबल पंप का अतिरिक्त बैकअप तैयार रखने एवं आवश्यक स्थानों पर बोर कराने के निर्देश दिए। बैठक में शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण बढ़ाने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा शौचालय निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों में प्रगति लाने तथा मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत पूर्ण हो चुके मकानों को पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आबंटित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों को राजस्व वसूली बढ़ाने, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार संपत्ति कर की वसूली करने तथा सामाजिक पेंशन योजना के छूटे हुए हितग्राहियों का ई-केवाईसी जल्द पूरा कराने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने निकायों में अधोसंरचना मद अंतर्गत लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्यों को समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# माध्यमिक शाला नवापारा में विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नवापारा माध्यमिक शाला के शिक्षक और आठवी के छात्र-छात्राओं के बिदाई समारोह के मुख्य अतिथि भुनेश्वर पटेल, अध्यक्ष सीएसी जीवन सिंह मरकाम, विशिष्ट अतिथि श्रीमती उर्मिला मरकाम सरपंच,नोडल प्राचार्य प्रतिनिधि विनोद जायसवाल, माध्यमिक शाला रजकम्मा के प्रधानपाठक प्रभा लकरा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मंचासीन थे।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छठवीं और सातवी के छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जीवन सिंह मरकाम ने भुनेश्वर पटेल के विद्यालयीन कार्यकाल को उत्तम बताया। वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवल ने उन्हें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील और जुझारू बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व सरपंच एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने उनकी मुक्त कंठ से सराहना की। कुमुदिनी चौबे ने उनके साथ बिताए 15 साल को हमेशा सहयोगात्मक बताया। समारोह के मुख्य अतिथि भुनेश्वर पटेल ने अपने पदोन्नति का सारा श्रेय अपने प्रधानपाठक और गांव को समर्पित किया और हमेशा नवापारा से जुड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में हिरमन दास महंत, अर्चना किंडो,कांति कुर्रे, प्रेमबाईखांडे, प्रफुल्ला भगत, जैतराम ध्रुव, बाबूलाल जगत, देवशरण सिंह,राजेश बरिहा ,अनिल कंवर,पैकरा सर संजयगोयल,संतोष ,राम सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मसाहती ग्रामों का सर्वे दो माह के भीतर सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक लेकर मसाहती ग्रामों में चल रहे सर्वे की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मसाहती ग्रामों का सर्वे दो माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए तथा इसका प्रारंभिक एवं अंतिम प्रकाशन चरणबद्ध रूप से कर भुइयां पोर्टल में अपलोड किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि मसाहती ग्रामों का सर्वे सही और व्यवस्थित तरीके से किया जाए, ताकि भविष्य में शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए भूमि उपयोग में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने सर्वे पूर्ण कर अंतिम प्रकाशन के उपरांत भुइयां में समयबद्ध अपलोडिंग के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि मसाहती ग्रामों की मिसल का मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए और सर्वे के दौरान किसी भी कृषक या ग्रामवासी की भूमि प्रारंभिक प्रकाशन से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह शासन की उच्च प्राथमिकता वाला कार्य है, जिससे भूमि विवाद, सीमांकन विवाद तथा रिकार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 113 मसाहती ग्राम हैं, जिनमें से 20 ग्रामों का प्रारंभिक प्रकाशन तथा 13 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। 6 अन्य ग्राम अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया में हैं। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लगातार मसाहती ग्रामों के सर्वे कार्य की समीक्षा की जा रही है

**शपथ पत्र**

मैं अविनाश नंदी उम्र लगभग 38 वर्ष पिता श्री नवीन नंदी निवासीः बरपाली पोस्ट भैसमा करतला कोरबा जिला कोरबा छ.ग. आधार कमांक 4411 6137 6027 का होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

01. यह कि मै उक्त पते पर अपने परिवार सहीत स्थायी रूप से निवासरत हूँ।
02. यह कि, पूर्व में मेरे द्वारा अपनी पुत्री लिआ नंदी (Leah Nandi) का अपना आधार कार्ड बनवाया गया था जिसका क्रमांक 4699 9234 6397 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम लिया नंदी (Liya Nandi) दर्ज है।
03. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम लिआ नंदी (Leah Nandi) है तथा मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका यही नाम दर्ज है।
04. यह कि लिआ नंदी (Leah Nandi) एवं लिया नंदी (Liya Nandi) दोनों नाम एक ही महिला का नाम है जो कि स्वयं मेरी पुत्री का ही नाम हैं किसी प्रकार कोई विवाद मेरी पुत्री के नाम के संबंध में नहीं है।
05 यह कि मेरी पुत्री के उपरोक्त आधार कार्ड में उसका नाम लिया नंदी (Liya Nandi) से सुधारकर उसका सही नाम लिआ नंदी (Leah Nandi) दर्ज किया जॉए जिसके लिए जो भी नियम एवं शर्तें होगी उसका पालन मेरे द्वारा किया जाएगा।
06. यह कि, यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे की आधार कार्ड में नाम सुधार करवाने हेतु संबधित विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**अविनाश नंदी**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क० /अ-2/2025-2026
ग्राम रामपुर प०ह०नं0-36 तहसील करतला जिला कोरबा छ०ग०

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री राम कुमार गबेल पिता श्री चंदन सिंह गबेल जाति गबेल (गैर आदिवासी) निवासी ह.नं.14 वार्ड नं. टेंगनमार ग्राम बेहरचुंवा तह. करतला जिला-कोरबा (छ०ग०) द्वारा ग्राम-रामपुर, प०ह०नं०-36 तहसील-करतला जिला कोरबा स्थित ख0नं0-750/4/क/4 रकबा 0.271 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रायोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने बाबत नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 20/03/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी/अ०वि०अ० (रा०)**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क० /अ-2/2025-2026
ग्राम रामपुर प०ह०नं0-36 तहसील करतला जिला कोरबा छ०ग०

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री विवेकानंद नन्दे पिता श्री जगदीश प्रसाद नन्दे जाति ब्राम्हण (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम रामपुर तह. करतला जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा ग्राम रामपुर, प०ह०नं०- 36 तहसील- करतला जिला कोरबा स्थित ख०नं0- 750/27 रकबा 0.162 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रायोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने बाबत नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 20/03/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी/अ०वि०अ० (रा०)**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

शपथकर्ती श्रीमती संतोषी बंजारे पति श्री राम कुमार बंजारे उम्र 43 वर्ष निवासी एन.जी.- 16 राजस्व कॉलोनी रामपुर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) की निवासी हूं। मैं नीचे लिखे अनुसार शपथ करती हूं :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
02. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम संतोषी कुमारी निराला पिता बेद राम निराला था, जो कि विवाहोपरांत संतोषी बंजारे पति राम कुमार बंजारे (SANTOSHI BANJARE W/O RAM KUMAR BANJARE) कराना चाहती हूं।
03. यह कि भविष्य में मुझे संतोषी बंजारे पति राम कुमार बंजारे (SANTOSHI BANJARE W/O RAM KUMAR BANJARE) के नाम से जाना, पहचाना जावे तथा संव्यवहार किया जावे एवं आवश्यकतानुसार दस्तावेजों में नया नाम दर्ज किया जावे।
04. यह कि उक्त के संबंध में किसी प्रकार की दावा/आपत्ति होने पर मेरे स्वयं की जवाबदारी होगी।
05. यह कि शपथ पत्र मेरे नाम के संशोधन के समर्थन में माननीय श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**श्रीमती संतोषी बंजारे**
**पति श्री राम कुमार बंजारे**

## सार्वजनिक सूचना

मैं प्रमोटर SARVAMANGLA BUILDCON व्यक्तिगत कारणों से छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीकृत प्रोजेक्ट NARAYANI INCITY पंजीयन क्रमांक PCGRERA280319000950 सरेन्डर/कैन्सिलेशन/निरस्तीकरण करा रहा हूँ। किसी व्यक्ति/संस्था आदि द्वारा इस प्रोजेक्ट में यदि कोई बुकिंग करायी गई हो, तो कृपया अपना क्लेम/दावा प्रस्तुत करें। उक्त क्लेम दावा का विवरण सहित 15 दिनों के अंदर छत्तीसगढ़ रेरा की ईमेल आईडी registrar.rera.cg@gov.in पर भी भेजा जाए तथा क्लेम दावा विवरण को रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ रेरा कार्यालय, शास्त्री चौक, रायपुर 492001 को प्रेषित किया जाए।

**SARVAMANGLA BUILDCON**
sarvamanglabuildcon@gmail.com

**ज्योति भूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)**
Tel. 07759299047 website-www.jbpslawcollege.ac.in,
Email:principal@jbpslawcollege.ac.in

पत्र क्र. 734/नियुक्ति-28/2026 कोरबा, दिनांक : 11/03/2026

**//विज्ञापन//**

कमला नेहरू महाविद्यालय समिति, कोरबा (छ.ग.) द्वारा संचालित ज्योति भूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय कोरबा में रिक्त सहायक प्राध्यापक विधि 03 पदों में परिनियम 28 के तहत नियुक्तियां आमंत्रित किया जाता है।

नोट :-

01. नियुक्तियां विश्वविद्यालय परिनियम 28 के तहत होगी।
02. योग्यता यू.जी.सी. एवं बी.सी.आई के नियमानुसार होगी।
03. आवेदन पत्र के साथ 500 रू. का डिमाड ड्रॉफ्ट, जो कमला नेहरू महाविद्यालय समिति, कोरबा के नाम पर देय हो संलग्न करें।
04. आवेदन पत्र पर नवीनतम पासपोर्ट साईज का कलर फोटोग्राफ अवश्य लगावें एवं समस्त प्रमाण पत्र, दस्तावेज, अंकसूची की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ दिनांक 31/03/2026 सायं 05:00 बजे तक अध्यक्ष, कमला नेहरू महाविद्यालय समिति, कोरबा (छ.ग.) के पते पर पहुंच जाना चाहिए निर्धारित तिथि समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जाएगा।
05. उपरोक्त पदों पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकार कमला नेहरू महाविद्यालय समिति, कोरबा (छ.ग.) का होगा।
06. वेतनमान यू.जी.सी./राज्य शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान महाविद्यालय प्रशासन समिति द्वारा निर्धारित महगाई भत्ता।

**अध्यक्ष/सचिव**
**कमला नेहरू महाविद्यालय समिति,**
**रानी रोड़, कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें

### वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज आज आएंगे कोरबा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का 14 मार्च को कोरबा आगमन हो रहा है। वे कोरबा के मेहर वाटिका में ईदगाह कब्रिस्तान कमेटी द्वारा आयोजित इफ्तार कार्यक्रम में शमिल होंगे। वक्फ बोर्ड द्वारा जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक डॉ सलीम राज दोपहर 12 बजे रायपुर से कोरबा के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2:30 बजे पंतोरा चौक में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद 3 बजे बरमपुर चौक में स्वागत बड़ा कार्यक्रम रखा गया है, इसके बाद 3:30 बजे जामा मस्जिद कोरबा में भी उनका स्वागत किया जाएगा। कोरबा आगमन पर 3:45 बजे ट्रांसपोर्ट नगर चौक में डॉ सलीम राज का सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा, यहां उनको लड्डुओं से तौला जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे विश्राम गृह कोरबा में उनका आगमन होगा।

### पाली पुलिस व खाद्य विभाग टीम की संयुक्त टीम ने ढाबों की चेकिंग, दिए सख्त निर्देश

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पाली पुलिस एवं स्टाफ के द्वारा नेशनल हाईवे 130 पर स्थित डुमरकछार से बगदेवा तक ढाबों का औचक चेकिंग किया गया। हाईवे पर अनिल ढाबा डूमरकछार, मन्नू ढाबा डुमरकछार, नारायण ढाबा डुमरकछार, विराज होटल, दिनेश गोस्वामी ढाबा पाली, बतरा ढाबा, सभी ढाबों का सघन चेकिंग कर नोटिस दिया गया किसी प्रकार का आपत्तिजनक नशे से संबंधित पदार्थ नहीं मिला। सभी ढाबों को सख्त हिदायत दिया गया कि किसी प्रकार का नशा संबंधी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने ढाबा संचालकों को हिदायत दिया गया कि ढाबा के दीवारों पर शराब पीना मना है का फ्लैग लगा हुआ होना चाहिए। साथ ही वाहनों को सही ढंग से पार्किंग कराया जाए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल डायल-112 को दिया जाए। चेकिंग के दौरान नारायण ढाबा, मन्नू ढाबा, अनिल ढाबा, एवं गोस्वामी ढाबा को फूड लायसेंस न होने के कारण खाद्य अधिकारी द्वारा बंद कराया गया था।

### रेलवे क्रासिंग पर घंटों मालगाड़ी खड़ी होने से राहगीर हुए परेशान

**कोरबा।** टीपी नगर चौक रेलवे क्रासिंग लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। शुक्रवार की सुबह पुनः यहां कोयला भरी मालगाड़ी के रेलवे क्रासिंग पर घंटों खड़ी रहने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस रेलवे ट्रैक से बालको एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के संयंत्रों के लिए कोयला आपूर्ति हेतु मालगाडि़यां चलती हैं, जो ओवरलोड, ट्रैक के चढ़ाव होने और मालगाड़ी के डिब्बों की अधिकाधिक संख्या होने के कारण अक्सर टी.पी. नगर चौक रेलवे क्रासिंग पर आते-आते हॉफ कर खड़ी हो जाती है। इसी कड़ी में मालगाड़ी सुबह 9.30 बजे के लगभग यहां पहुंची और क्रासिंग के बीचो-बीच खड़ी हो गई, जिससे लोग क्रासिंग पार नहीं कर सके और इसमें फंसे रहे। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों ने वैकल्पिक मार्ग चुनते हुए या तो शारदा विहार की ओर से अपने गंतव्य की ओर गए या रिकांडो मार्ग का उपयोग कर सीएसईबी चौक होते हुए पार हुए, लेकिन चारपहिया वाहन क्रासिंग में फंसी रही और इसके खुलने का इंतजार करती खाई रही। 11 बजे के बाद मालगाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त इंजन मंगवाया गया। उसके आने के बाद मालगाड़ी आगे बढ़ी और इसमें फंसे लोग अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### पूज्य सिंधी पंचायत का चेट्रीचंड्र महोत्सव आज से

**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 मार्च से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च को सुबह बहराणे साहब की पूजा, रक्तदान शिविर, दोपहर में आम भंडारा व शाम को भव्य शोभायात्रा के रूप में होगा। पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव नरेश जगवानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ईष्ट देव वरुण अवतार सांई झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 से 20 मार्च तक आस्था व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार 14 मार्च को सिंधु भवन रानी रोड में शाम 6 बजे भगवान झूलेलाल की स्तुति धुनी साहब एवं पूजा आरती भंडारे के साथ चेट्रीचंड्र महोत्सव शुरू होगा। 15 व 16 मार्च को एसपीएल-2 क्रिकेट मैच सीएसईबी खेल मैदान में होगा।

### रैम्प योजना अंतर्गत स्टार्टअप नीति पर जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** उद्योग विभाग द्वारा संचालित रैम्प योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टार्टअप नीति 2025-30 के विषय में आज मॉर्डन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की स्टार्टअप नीति 2025-30 के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सब्सिडी, वित्तीय सहायता एवं प्रोत्साहनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप इकाइयों को वित्तीय सहायता, प्रोटोटाइप विकास सहायता, विपणन सहायता, मार्गदर्शन (मेंटोरशिप) तथा अन्य अनेक प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल युवाओं को अपने नवीन विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर देती है। छत्तीसगढ़ स्टार्टअप नीति के अंतर्गत योग्य स्टार्टअप इकाइयों को प्रारंभिक चरण में आर्थिक सहयोग, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन तथा बाजार से जोड़ने की सुविधा प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने नवाचार को सफल उद्यम में परिवर्तित कर सकें।

# कुसमुंडा क्षेत्र की पहल से तालाब में पहुँचा खदान का पानी, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा ग्राम पाली के तालाब में कुसमुंडा खदान से पानी की आपूर्ति कर जनहित पहल की गई है। इस प्रयास से ग्राम पाली सहित आसपास के क्षेत्र में जल उपलब्धता में सुधार हुआ है, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। कुसमुंडा क्षेत्र की माइनिंग तथा ई एंड एम टीम ने लगातार 48 घंटे तक कार्य किया। खनन कार्यों के साथ-साथ इतने कम समय में इस व्यवस्था को स्थापित करना टीम की प्रतिबद्धता, कुशल समन्वय और कार्य के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस कार्य के लिए आवश्यक होज पाइप की व्यवस्था सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा अत्यंत तत्परता के साथ की गई। विभाग ने मात्र दो दिनों के भीतर एनसीएल, सिंगरौली से आवश्यक सामग्री मंगवाकर उपलब्ध कराई, जिसके कारण इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना संभव हो सका। इस पूरे कार्य में वरीय खनन प्रबंधक समयलाल ने विशेष भूमिका निभाई और बिना विश्राम किए लगातार प्रयास करते हुए कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। कुसमुंडा प्रबंधन ने कहा कि कंपनी खनन कार्यों के साथ-साथ आसपास के गांवों के सामाजिक विकास और जनहित से जुड़े कार्यों के लिए भी प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी क्षेत्र के ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे जनहितकारी प्रयास निरंतर किए जाते रहेंगे। कुसमुंडा क्षेत्र की इस पहल की स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है, क्योंकि इससे जल संकट की स्थिति में काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

**ग्राम पाली के तालाब में पहुंचाया जा रहा पानी**

**खास बातें**
- कुसमुंडा की माइनिंग और ई एंड एम टीम ने 48 घंटे किया काम
- प्रयास के बाद जल उपलब्धता में हुआ सुधार



## बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 42 घंटे किया जा रहा संचालित

# रबी फसल और निस्तारी के लिए नहर में 5 हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रबी फसल व गर्मी में गांव गांव में निस्तारी के लिए किसानों को भरपूर पानी मिल सके इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ा दी गई है और हाइडल प्लांट 42 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिसकी वजह से दर्री बाराज के दांयी व बांयी तट नहर के माध्यम से लगभग 5 हजार क्यूसेक पानी नहर में प्रवाहित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूद स्थिति में बांगो बांध में 354.92 मीटर पानी भरा हुआ है जो कुल जलभराव का 73 फ़ीसदी पानी है। बांगो बांध मात्र 27 फ़ीसदी खाली हुआ है। बांगो बांध में अभी भी पर्याप्त पानी है। ऐसे में किसानों को रबी फसल और गर्मी के सीजन में निस्तारी के लिए किसानों को भरपूर पानी मिल सके इसके लिए पानी की डिमांड को देखते हुए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार 42 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिससे 5250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है और हसदेव दर्री बराज के दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। बताया जाता है कि दांयी तट नहर में 1851 क्यूसेक और बांयी तट नहर में 2908 क्यूसेक पानी लगभग 5 हजार क्यूसके पानी नहर में छोड़ा जा रहा है। यह पानी सीधे किसानों तक पहुंच रहा है और खाली हो चुके तालाबों को भरने का काम किया जा रहा है साथ ही किसानों को रबी फसल के लिए भरपूर पानी मिल रहा है। जिससे किसान खेती कर मालामाल हो सकेंगे।


फाइल फोटो

**आने वाले दिनों में और बढ़ाई जा सकती हाइडल की रफ्तार**

यदि किसानों द्वारा पानी की ओर डिमांड की गई तो निश्चित तौर पर बांगो बांध में बने हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जा सकती है क्योंकि अप्रैल और मई के महीने में पानी की सबसे ज्यादा डिमांड होती है क्योंकि इसी दौरान ज्यादातर नदी नाले सूखने के कगार पर पहुंच जाते हैं और ऐसे में गांव में पानी की कमी आई तो निश्चित तौर पर हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और किसानों को नहर के माध्यम से और भी पानी दिया जाएगा।

**जिले में मात्र 40 हेक्टेयर होती है सिंचित**

प्रदेश का सबसे बड़ा बांध बांगो बांध है जो जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध का निर्माण किया गया है। इस बांध के निर्माण के बाद से मुख्य रूप से पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा, रायगढ़ व खरसिया के इलाके में बसने वाले किसानों को सबसे ज्यादा इस बांध का पानी का लाभ मिलता है। जबकि कोरबा जिले में मात्र 40 हेक्टेयर की भूमि को ही रबी फसल में सिंचित होती है। बताया जाता है कि इसमें ज्यादातर करतला विकासखंड में आने वाले गांव को ही नहर के माध्यम से पानी आपूर्ति की जाती है। कोरबा जिला पहाड़ी इलाका व चढ़ाई होने की वजह से जिले को दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से लाभ नहीं मिल पाता है। जबकि पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा और रायगढ़ जिले के निचला हिस्सा होने की वजह से दोनों जिले के बांगो बांध इनके लिए किसी संजीवनी से काम नहीं है।

## चेक बाउंस का आरोपी अस्पताल में ले रहा था वीआईपी ट्रीटमेंट, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मोबाइल चलाता अस्पताल में भर्ती आरोपी

चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को न्यायालय ने दो वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। जब उसे जेल ले जाने से पहले मेडिकल कॉलेज अस्पताल में परीक्षण के लिए ले जाया गया तो उसकी तबियत ठीक नहीं होने पर चिकित्सकों की सलाह से अस्पताल में ही भर्ती कर दिया गया। जहां उसे अलग से कमरा भी उपलब्ध कराया गया था जहां वह व्हीआईपी ट्रीमेंट ले रहा था। जिसके बाद शुक्रवार को अस्पताल से उसे छुट्टी दे दी और जेल दाखिल कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी अपूर्व वासन पिता गुलशन वासन को 6 मार्च को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जबकि न्यायालय ने उसे एक चेक बाउंस मामले में सीधे जेल भेजने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने उसे 2 वर्ष सश्रम कारावास से दंडित किया था। जब पुलिस उसे परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया तो उसकी तबियत ठीक नहीं होने की बात कहते हुए उसे अस्पताल में ही दाखिल कर दिया गया था और नियमों के विपरीत उसे सामान्य वार्ड या आईसीयू के बजाय एक अलग कमरा उपलब्ध कराया गया था। जहां आरोपी मोबाइल फोन भी चला रहा था, मामला सामने आने के बाद अस्पताल से शुक्रवार को उसे छुट्टी दे दी गई और उसे जेल में दाखिल कर दिया गया है। इस मामले को लेकर जेलर अमितेश साहू से लगातार संपर्क किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो पायी।

**स्थिति के अनुसार की जाती है कार्रवाई**

जेल दाखिल करने से पूर्व स्थिति देखने के लिए चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया जाता है। उसके बाद स्थिति अनुसार कार्यवाही की जाती है। मान लो बीमार ज्यादा या अनफिट है तो उसको एडमिट करने की सलाह दी जाती है।

**- डॉ गोपाल कंवर,** अधीक्षक, जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल

## भूमिगत खदान से उत्पादन में देरी, मड़वा में गहराया कोयला संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की गारे पाल्मा- III भूमिगत खदान के उत्पादन में नहीं आने से मड़वा संयंत्र के समक्ष कोयला संकट गहरा गया है। वहीं खुली खदान से भी माइनिंग प्लान के अनुरूप पर्याप्त कोयला नहीं मिल रहा है। कोयला मंत्रालय से लगभग डेढ़ मिलियन टन ईंधन आपूर्ति का लिंकेज देने की मांग रखी गई है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को रायगढ़ जिले में स्थित गारे पाल्मा- III कोल ब्लॉक का आबंटन सितम्बर 2025 में हुआ था। यह आबंटन कंपनी के 1000 मेगावाट क्षमता वाले जांजगीर चांपा में स्थित मड़वा थर्मल पॉवर प्लांट की कोयला जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया था। कंपनी के माइनिंग प्लान के अनुसार गारे पाल्मा- III की कोयला उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन सालाना है। इसमें 4 एमटी ओपनकास्ट तथा एक एमटी भूमिगत खदान की उत्पादन क्षमता सम्मिलित है। कंपनी ने 2023- 24 में ओपनकास्ट खदान से 4 एमटी कोयला उत्पादन दर्ज किया था, जो माइनिंग प्लान के अनुरूप था। इधर, गारे पाल्मा- III की भूमिगत खदान उत्पादन में नहीं आ सकी है। इस कारण एक मिलियन टन कोयला नहीं मिल पा रहा है। कंपनी ने बताया कि भूमिगत खदान 2023- 31 तक उत्पादन में आ सकेगी। कंपनी ने बताया है कि गारे पाल्मा- III के ओपनकास्ट खदान में अंदरूनी डंप के ओवरबर्डन लोड को ध्यान में रखते हुए, प्रस्तावित अंडरग्राउंड ड्राइवेज के लिए सपोर्ट सिस्टम के डिज़ाइन के लिए साइंटिफिक स्टडी का काम सीआईएमएफआर को सौंपा गया है। सीआईएमएफआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सुरक्षित अंडरग्राउंड माइन ऑपरेशन के लिए, माइनिंग ऑपरेशन शुरू होने के कम से कम 09 साल बाद इनक्लाइन का ड्राइवेज शुरू होना चाहिए। इसके अनुसार इनक्लाइन का ड्राइवेज मार्च 2028 से शुरू होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने बताया कि इसको देखते हुए माइनिंग प्लान को रिवाइज़ किया जा रहा है। इस कारण ओपनकास्ट खदान से भी करीब आधा मिलियन टन कोयला कम मिलेगा। विद्युत मंत्रालय ने संशोधित शक्ति नीति, 2025 की विंडो-I के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को मड़वा टीपीपी के लिए 0.415 एमटीपीए के कोयला लिंकेज पर विचार करने का अनुरोध कोयला मंत्रालय से किया है। इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय ने गारे पाल्मा- III की अंडरग्राउंड खदान से कोयले के गैर-उत्पादन के बदले छत्तीसगढ़ राज्य को अतिरिक्त एक मिलियन टन मध्यम अवधि लिंकेज देने का भी अनुरोध किया गया है। विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि मड़वा को नोटिफाइड कीमत पर कोयले की सप्लाई से बिजली सस्ती मिलेगी। विद्युत क्षेत्र को कोयला लिंकेज वर्तमान में संशोधित शक्ति नीति, 2025 के अंतर्गत प्रदान किए जाते हैं। संशोधित शक्ति नीति के अंतर्गत, किसी राज्य को कोयला लिंकेज उनके अनुरोध के अनुसार और विद्युत मंत्रालय की सिफारिश दिया जाता है। 16 मार्च को कोयला मंत्रालय की स्टैंडिंग लिंकेज कमेटी की बैठक होनी है। इस बैठक में मांग के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को लगभग डेढ़ मिलियन टन कोयला लिंकेज देने पर विचार किया जाएगा।

## दो मोटर साइकिल में भिड़ंत, एक की मौत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में तीन मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से एक मोटरसाइकिल में सवार युवक की मौत हो गई है जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि मृत युवक के शव को वैधानिक कार्रवाई कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के सारागांव कमरीद निवासी निखिलेश कंवर 22 वर्ष पिता फुल साय कंवर अपने बाइक क्रमांक सीजी 11 बीक्यू 0371 में सवार होकर अपने मामा के घर कुकरीचोली आया हुआ था जहां से कुकरीचोली से वह किसी काम से कोरबा आया हुआ था और गुरुवार की रात लगभग 8 बजे वह वापस लौट रहा था कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वारानी ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा था कि रिंग साइड से आ रहे दो मोटरसाइकिल से उसकी मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया जबकि निखिलेश कंवर को उपचार के लिए गंभीर अवस्था में मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान निखिलेश की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सूने मकान में चोरी के मामले में पुलिस को मिला सुराग

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर शुक्ला नगर निवासी ज्योति चंद्रा आरएसएस नगर के एमआईजी 2/113 में अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी की जेवरात सहित लगभग 3 लाख रुपए का माल पार कर दिया था। इस मामले में पुलिस को चोरों के संबंध में अहम सुराग हाथ लगा है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने में कामयाब हो पायी है। पुलिस शनिवार को इस मामले का खुलासा कर सकती है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## विभाग के प्रस्ताव को डीएमएफ से मिली स्वीकृति

# 25 लाख की लागत से 19 सहकारी समितियों में तैयार होंगे गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


जिले की सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के लिए एक बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक समिति में 25 लाख की लागत से गोदाम तैयार किए जाएंगे। जो धान के भंडारण के साथ खाद बीज और पीडीएस की खाद्यान्न सामग्री के भंडारण के लिए उपयोग किए जा सकेंगे।

उपार्जन केंद्रों में गोदाम नहीं होने के कारण खाद बीज के भंडारण और पीडीएस खाद्य सामग्री रखने के लिए पंचायत भवन या फिर गांव के सामुदायिक भवन का उपयोग करना पड़ता था जिनके जर्जर होने के कारण कई बार खाद्य सामग्री बारिश के पानी की वजह से खराब हो जाया करती थी। स्थिति यह हो गई थी कि कई बार खराब खाद्यान्न सामग्री वितरण किए जाने के मामले सामने आए थे। पूर्व में नाबार्ड के द्वारा पुरानी समितियों में गोदाम का निर्माण किया गया था। जिनकी भंडारण क्षमता ज्यादा नहीं होने के कारण उनका उपयोग केवल खाद बीज के भंडारण तक की सीमित रहता था। जिन नई 19 समितियों में गोदाम निर्माण के लिए राशि जारी की गई है उनकी भंडारण क्षमता पिछले बार से तिगुनी बताई गई है इससे पीडीएस की खाद्यान्न सामग्री को लेकर अब किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। 25 लाख 56 हजार रुपए की जो राशि स्वीकृत की गई है उसमें समिति के कार्यालय का भवन भी शामिल है।


फाइल फोटो

**विवादित जमीन पर नहीं होगा निर्माण**

समितियों के लिए गोदाम और कार्यालय भवन के निर्माण हेतु राजस्व विभाग से शासकीय जमीन के चिन्हांकन का कार्य कराया जाएगा। क्षेत्र के हल्का पटवारी के रिपोर्ट के बाद निर्माण कार्य की अनुमति दी जाएगी। ऐसे किसी भी विवादित जमीन पर गोदाम और कार्यालय भवन का निर्माण नहीं किया जाएगा। पूर्व में किए गए गोदाम निर्माण के दौरान विवाद के मामले भी सामने आए थे जिसे देखते हुए इस बात का निर्णय लिया गया है। पंचायत से एनओसी के बाद निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411